स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 08.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ निगम क्षेत्रान्तर्गत मच्छरों के बढ़ते घनत्व को दृष्टिगत् रखते हुए मच्छरों के प्रकोप को कम करने के लिए जनप्रतिनिधियों के मांग अनुरुप आयुक्त के0एल0 चौहान के दिये गये निर्देशों के परिपालन में व्हीकल माउंटेण्ड फागींग मशीन द्वारा कीटनाशक औषधि में मैलाथियान के धुएं के छिड़काव का कार्य द्वितीय चरण 06 मार्च से 31 मार्च 2018 तक निरंतर जारी रहेगा। एक–एक घण्टा सायंकाल 6 बजे से 9 बजे के मध्य निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रतिदिन दो वार्डों में धुएं का छिड़काव किया जा रहा है।

जुनवानी अंतर्गत जुनवानी बस्ती, खम्हरिया बस्ती, खम्हरिया भाठा, वार्ड 02 स्मृति नगर में मॉडल टाउन एवं संपूर्ण स्मृति नगर, पुष्पक नगर, 07 मार्च को वार्ड 3 कोसानगर अंतर्गत नेहरु नगर पूर्व, स्टॉफ क्वाटर, दीक्षित कालोनी, रैश्ने आवास, बाम्बे आवास, गांधी नगर, कोसानगर, ई.डब्ल्यु. एस. क्वाटर, नेहरु नगर पश्चिम, जोन कार्यालय के पास, भेलवा तालाब के आसपास, प्रियदर्शनी नगर पश्चिम में मैलाथियान के धुएं का छिड़काव कार्य कराया गया। 8 मार्च को राधिका नगर एवं वार्ड 05 लक्ष्मीनगर, 9 मार्च को वार्ड 06 सुपेला बाजार एवं वार्ड 07 फरीद नगर में धुओं का छिड़काव किया जायेगा।

निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान द्वारा जल जनित मच्छरों से होने वाली बिमारी डेंगू, मलेरिया से बचाव हेतु आम नागरिकों से अपील की गई है कि घर के आसपास एवं नालियों में पानी का जमाव न होने दें। निगम द्वारा निर्मित नालियों में घर का कचरा डालकर पानी की निकासी में रुकावट न डालें। मोहल्ले में सफाई कार्य में लगे सफाई मित्रों को सहयोग कर भिलाई शहर को स्वच्छ रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

जनसम्पर्क अधिकारी